प्रकाशन हेतु अनुमोदित

<u>छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,बिलासपुर</u>

<u>रिट याचिका क्रमांक-1607 /2006</u>

याचिकाकर्तागण- **मोहम्मद रियाज़ खान व अन्य**

<u>बनाम</u>

उत्तरदातागण- **छत्तीसगढ़ राज्य व अन्य**

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

आदेश हेतु दिनांक 17.6.2008 को सूचीबद्ध करें।

सही/-

(धीरेन्द्र मिश्रा)

न्यायाधीश

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,बिलासपुर

रिट याचिका क्रमांक-1607 /2006

याचिकाकर्तागण	1	मोहम्मद रियाज़ खान, पिता स्वर्गीय मोहम्मद सकूर खान, आयु लगभग 62 वर्ष, व्यवसाय-पशु व्यापारी, निवासी मानपुर, तहसील एवं थाना सूरजपुर, जिला अंबिकापुर (छ. ग.)।
	2	मोहम्मद इरफान खान, पिता मजूबुल्लाह खान, आयु लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम कोटमी, थाना पेंड्रा, जिला बिलासपुर (छ. ग.)।
	3	घनश्याम, पिता झन्नूलाल लगभग, आयु लगभग 35 वर्ष, निवासी मुवारपारा,मरवाही, तहसील गोरेला, जिला बिलासपुर, (छ.ग.)।
	4	मोबिल खान,पिता मोतीज़ खान, आयु लगभग 24 वर्ष, निवासी पेंड्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
	5	शकील खान,पिता मोतीज़ खान, आयु लगभग 28 वर्ष, निवासी पेंड्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)।
	6	अंसार खान, पिता अख्तर खान, आयु लगभग 32 वर्ष, निवासी ग्राम जशीमोड़, थाना भटगांव, तहसील सूरजपुर,जिला सरगुजा।
	7	तनवीर खान, पिता मोतिज खान, आयु लगभग 26 वर्ष, निवासी पेंड्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ।
	8	इबरार खान, पिता बशीर खान, आयु लगभग 55 वर्ष, निवासी ग्राम जशीमोड़, थाना- भटगांव, तहसील सूरजपुर, जिला सरगुजा।
बनाम		
उत्तरदातागण	1	छत्तीसगढ़ राज्य, द्वारा

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

		सचिव, गृह मंत्रालय, डी.के.एस. भवन, रायपुर ।
	2	**कलेक्टर, सरगुजा।**
	3	**अनुविभागीय अधिकारी, जिला सरगुजा।**
	4	**पुलिस अधीक्षक, जिला सरगुजा।**
	5	**थाना प्रभारी, थाना रामानुजनगर,जिला, सरगुजा (छ.ग.)**
	6	**एस.ए. भगत, पिता नामालूम, पुलिस विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत, दिनाँक 28.12.2003 को थाना रामानुजनगर मे थाना प्रभारी, के पद पर पदस्थ, द्वारा पुलिस अधीक्षक, जिला सरगुजा।**
	7	**राजलाल राजवाड़े, पिता नामालूम, निवासी ग्राम सुरतापुडी, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

उपस्थिति

याचिककर्तागण की ओर से- श्री वी.सी. ओत्तलवार, श्री राजीव श्रीवास्तव और श्री आई.एस साहू, अधिवक्तागण

उत्तरदाता क्रमांक 1 से 5 की ओर से- श्री विनय हरित, उप-शासकीय अधिवक्ता ।

उत्तरदाता क्रमांक *7* की ओर से- सुश्री शर्मिला सिंघई, अधिवक्ता।

हस्तक्षेपकर्ता रामनंदन सिंह की ओर से- श्री एच.बी. अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता, सहित श्री पराग कोटेचा, अधिवक्ता

आदेश

(दिनांक 17.6.2008 को पारित)

माननीय न्यायमूर्ति श्री धीरेन्द्र मिश्रा के अनुसार-

1. संक्षेप में, याचिकाकर्तागण का मामला यह है कि वे पशु व्यापार के माध्यम से अपनी आजीविका कमाते थे। वे अलग अलग पशु बाजारों से पशुओं को खरीदते थे और उन्हें सूरजपुर के साप्ताहिक बाजार में बेचते थे। याचिकाकर्तागण ने दिसंबर, 2003 में अलग अलग साप्ताहिक पशु बाजारों से 255 बैल खरीदे और खरीदे गए बैलों के साथ ग्राम मानपुर गये। वे 28 और 29 दिसंबर, 2003 की दरमियानी रात में को मोहनपुर गाँव में रुके । रात लगभग 1:00 बजे, उत्तरदाता क्रमांक 7 के नेतृत्व में 250 से 260 लोगों की एक भीड़ उत्तरदाता क्रमांक- 6 थाना प्रभारी, रामानुजनगर के साथ, वहाँ पहुंची और याचिकाकर्तागण पर आरोप लगाया कि वे पशुओं को वध के उद्देश्य से ले जा रहे हैं। उपरोक्त व्यक्ति कह रहे थे कि वे राज्य के सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के सदस्य हैं और वे पशुओं का वध नहीं होने देंगे क्योंकि यह एक अपराध है। याचिककर्तागण ने इस बात से इनकार किया कि पशुओं को वध के लिए ले जाया जा रहा है और अभिवाक किया कि वे पशुओं को बेचने के लिये साप्ताहिक बाजार में ले जा रहे थे क्योंकि उनका उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जायेगा। हालाँकि, उनके द्वारा दिया गया तर्क और इनकार किया जाना व्यर्थ हो गया और उत्तरदाता क्रमांक-6 के द्वारा उन्हें थाना रामानुजनगर ले जाया गया जहाँ उन्हें दिनाँक 3.1.2004 तक अवैध रूप से निरुद्ध रखा गया। पुलिस ने उन्हें दिनांक 3.1.2004 को रिहा कर दिया क्योंकि पूछताछ के बाद उनके विरुद्ध किसी भी अपराध का कोई साक्ष्य नहीं मिला।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

हालाँकि, उत्तरदाता क्रमांक-6 और 7 की सक्रिय मिलीभगत से ग्रामीण याचिकाकर्तागण के पशुओं को अपने साथ ले गये।

2. याचिकाकर्तागण ने पशुओं की अंतरिम अभिरक्षा हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सूरजपुर के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया परंतु उनका आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि पुलिस ने जानवरों को जब्त नहीं किया था। याचिककर्तागण ने अपने पशुओं को बेचने की अनुमति के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी, सूरजपुर के समक्ष एक और आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन को प्रकरण क्रमांक 141/04 के रूप में पंजीकृत करने के बाद, आदेश दिनांक 4.2.2004 (अनुलग्नक पी-2) के द्वारा थाना प्रभारी, थाना रामानुजनगर से प्रतिवेदन मंगाया गया इसके बाद, सूरजपुर के उप-खंड मजिस्ट्रेट ने मामले को जिला दंडाधिकारी के पास भेजा, जिन्होंने दिनांक 28.4.2004 के आदेश (अनुलग्नक पी-3) के तहत याचिककर्तागण को पशुओं को बेचने की अनुमति इस शर्त पर दी कि पशुओं को सरगुजा जिले के भीतर ही बेचा जाये और जिन व्यक्तियों को पशु बेचे जा रहे हैं उनकी सूची अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट, सूरजपुर द्वारा पारित आदेश के आधार पर, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा याचिककर्तागण को पशुओं को बेचने की अनुमति प्रदान की गई।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

3. उत्तरदाता क्रमांक-7 ने अपने आवेदन दिनांक 5.10.2004 के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी से बिक्री की अनुमति देने वाले आदेश का पुनर्विलोकन किये

जाने का अनुरोध किया। उत्तरदाता क्रमांक-7 के आवेदन पर, थाना रामानुजनगर से प्रतिवेदन मंगाया गया और उसके बाद, उनके द्वारा पुनर्विलोकन हेतु प्रस्तुत आवेदन दिनांक 25.1.2005 को अस्वीकार कर दिया गया। यह भी अवलोकित किया गया कि जाँच के बाद यह पाया गया कि याचिककर्तागण द्वारा कोई अपराध नहीं किया गया है तथा वे पशुओं को बेचने के हकदार हैं। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देश दिये जाने के बाद भी,थाना रामानुजनगर के थाना प्रभारी द्वारा याचिककर्तागण को न तो उनके पशुओं को वापस किया गया और न ही उनके द्वारा उत्तरदाता क्रमांक-7 और अन्य ग्रामीणों के विरुद्ध, जिन्होंने याचिककर्तागण के पशुओं को अपने पास रखा था, के विरुद्ध कोई कार्यवाही किया गया ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

4. दिनांक 6.10.2004 को थाना रामानुजनगर के थाना प्रभारी, ने अनुविभागीय अधिकारी, सूरजपुर को एक ज्ञापन भेजा जिसमें उल्लेख किया गया कि जिला दंडाधिकारी के आदेश दिनांक 28.4.2004 (अनुलग्नक-पी-3) के अनुपालन में पशुओं को उनके स्वामियों को वापस करने की कार्यवाही शुरू की गई थी परन्तु 'विश्व हिंदू परिषद' के सदस्यों और सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप के कारण आदेश के अनुपालन में विलंब हो रहा है। आगे यह भी उल्लेख किया गया कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (संक्षेप में 'अधिनियम') के तहत किसी भी अपराध के सम्बन्ध में अभी तक कोई साक्ष्य एकत्र नहीं किया गया है। पशुओं को जब्त किया गया और ग्रामीणों, जिनकी संख्या 130 है, द्वारा उनका दुरुपयोग किया गया, उन्होंने

पशुओं को आपस में बाँट लिया। थाना प्रभारी,थाना रामानुजनगर, ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 10.5.2004 में जिला मजिस्ट्रेट को यह भी बताया कि याचिककर्तागण 255 बैलों को विधिक रूप से खरीदकर बिक्री के लिए गढ़वा की ओर ले जा रहे थे, परंतु राजलाल राजवाड़े के नेतृत्व में ग्रामीणों ने याचिककर्तागण के पशुओं को जब्त कर लिया और उन्होंने पशुओं को आपस में बांट लिया। मामले की जाँच जारी है।

5. याचिककर्तागण की व्यथा यह है कि उत्तरदाता क्रमांक- 6 की सक्रिय मिलीभगत से उत्तरदाता क्रमांक- 7 के नेतृत्व में कुछ व्यक्तियों द्वारा उनके पशुओं का अवैध रूप से लूट कारित किया गया। चूँकि इस अवैध कृत्य के अपराधी सत्तारूढ़ दल से संबंधित हैं और उन्हें जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई और याचिककर्तागण को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किया गया है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

6. उत्तरदाता क्रमांक- 1 से 5 ने अपने संयुक्त जबाब में कथन किया है कि उत्तरदाता क्रमांक-7 की शिकायत पर कि याचिककर्तागण मवेशियों को वध करने के लिए ले जा रहे हैं, के आधार पर याचिककर्तागण के विरुद्ध अधिनियम की धारा 11 (1) के तहत अपराध दर्ज किया गया था परंतु मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने पाया कि याचिककर्तागण द्वारा कोई अपराध नहीं किया है। कुछ पशु, जिनकी पहचान याचिककर्तागण द्वारा विधिवत की गई थी, उन्हें वापस कर दिया गया था। चूँकि याचिकाकर्तागण अन्य पशुओं की पहचान नहीं कर पाए, इसलिए पशु उन्हें नहीं सौंपे

जा सके। यह तथ्य कि याचिककर्तागण ने पशुओं को खरीदा था, जैसा कि याचिका के कंडिका 5.2 में विस्तृत रूप से बताया गया है और यह तथ्य कि पुलिस ने पशुओं को जब्त नहीं किया, विवादित नहीं है

7. उत्तरदाता राज्य द्वारा उपरोक्त जबाब दावा प्रस्तुत किए जाने के बाद, इस न्यायालय ने आदेश दिनांक 18.9.2007 के द्वारा उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 के विद्वान अधिवक्ता को निर्देशित किया कि वे निर्देश प्राप्त करें कि जब यह पाया गया है कि ये पशु कृषि कार्यो के प्रयोजन हेतु खरीदे गए थे और याचिककर्तागण उन्हें बेचने के लिए सूरजपुर ले जा रहे थे, तब सभी पशु याचिककर्तागण को वापस क्यों नहीं किये गये। दिनांक 18.9.07 के आदेश का पालन करने के लिए उत्तरवादीगण को एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया। दिनांक 15.10.2007 को राज्य की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता के अनुरोध पर उचित कार्यवाही करने और उचित शपथपत्र प्रस्तुत करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया। दिनांक 16.11.2007 को उत्तदाता क्रमांक- 1 से 5 की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता के अनुरोध पर दिनांक 18.9.07 के आदेश का पालन करने के लिए अंतिम अवसर के रूप में चार सप्ताह का समय दिया गया। उत्तरदाता राज्य प्राधिकारियों को दिनांक 18.9.07 के आदेश का पालन करने के लिए कई अवसर दिए जाने के बावजूद, दिनांक 17.12.07 तक इसका पालन नहीं किया गया और निर्देश प्राप्त करने और शपथपत्र प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिये जाने का अनुरोध किया गया। अनुरोध स्वीकार किया गया और 5,000/- रुपये की शास्ति का भुगतान करने पर

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

जो पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर से वसूली योग्य था, दो सप्ताह का समय प्रदान किया गया।

8. उत्तरदाता क्रमांक-7 ने अपने पृथक प्रति-शपथपत्र में स्वीकार किया है कि उसने दिनांक 30.12.2003 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उल्लेख किया गया था कि याचिकाकर्तागण वध के उद्देश्य से 276 पशुओं को ले जा रहे थे, जिस पर अधिनियम की धारा 11 (1) (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। अंतरिम अभिरक्षा हेतु उनके आवेदन को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आदेश दिनांक 3.1.2004 (अनुलग्नक आर 7/1) द्वारा खारिज कर दिया। यह भी कथन किया गया कि थाना रामानुजनगर के थाना प्रभारी ने दिनांक 5.11.2007 को एक ज्ञापन जारी कर निर्देश दिया कि जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार, जानवरों को दो सप्ताह के भीतर याचिककर्तागण को सौंप दिया जाए।इस ज्ञापन के विस्तृत जबाब (अनुलग्नक आर 7-3) में, उत्तरदाता क्रमांक- 7 ने दावा किया कि प्रश्नगत पशु किसी अन्य व्यक्ति के हैं। याचिकाकर्तागण ग्राम सुरता के निवासी हैं। वे अपने रिश्तेदारों के माध्यम से मवेशियों को बूचड़खाने भेज रहे थे। याचिकाकर्ता क्रमांक-1 रियाज़ खान द्वारा ग्रामीणों से बलपूर्वक मवेशियों को लूटने की कोशिश किया गया था, जिसकी विधिवत सूचना पुलिस को दी गई और अपराध पंजीबद्ध किया गया था। याचिकाकर्तागण ने आरोप लगाया है कि उत्तरदाता के नेतृत्व में भीड़ ने मवेशियों की लूट कारित की, हालाँकि, उन्होंने इस सम्बन्ध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि याचिकाकर्तागण पशुओं के स्वामी हैं। याचिका में

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

विवादित तथ्य शामिल हैं और इनका निराकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226/227 के तहत रिट याचिका प्रस्तुत कर नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्तागण मवेशियों को बूचड़खाने ले जा रहे थे इसलिए, ग्रामीणों ने धार्मिक भावना के कारण उन्हें रोका और मवेशियों को सुरक्षित रखने हेतु आपस में बाँट लिया। इस कथन से, कि याचिकाकर्तागण ने दिसंबर, 2003 के महीने में साप्ताहिक बाजार से 255 बैल खरीदे थे, इंकार किया गया है।

9. दिनांक 17.12.2007 के आदेश के अनुपालन में उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 की ओर से दिनांक 3.1.2008 को एक शपथपत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि उन्होंने ग्रामीणों से पशुओं को प्राप्त करने का प्रयास किया ताकि उनका कब्ज़ा याचिकाकर्तागण को वापस मिल सके, परन्तु उन्हें ग्रामीणों, जिन्होंने पशुओं पर याचिकाकर्तागण के स्वामित्व का विरोध किया है, के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। आगे बताया गया कि ग्रामीणों के प्रतिरोध के बावजूद, वे गाँव से 165 मवेशियों को खोजने और जब्त करने में सफल रहे और उन्हें ग्राम चठिरमा, जिला सूरजपुर स्थित गौशाला में जमा जमा करा दिया । याचिकाकर्ता क्रमांक- 1 को उपरोक्त तथ्य से अवगत कराया गया था, फिर भी याचिकाकर्ता क्रमांक- 1 सूचना की तामिली से बचता रहा। आगे यह भी उल्लेख किया गया है कि गौशाला प्रबंधन द्वारा मवेशियों के चारे और रखरखाव के लिए प्रतिदिन की दर से प्रति मवेशी 50 रुपये शुल्क लिया जा रहा है। जब्त किए गए 165 मवेशियों के अलावा, ग्रामीणों ने 65 बैलों और 13 गायों के मृत होने की सूचना दी

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

है, और अपने दावे के समर्थन में उन्होंने दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत किया हैं। याचिकाकर्तागण द्वारा 9 मवेशियों को बलपूर्वक ले जाया गया है।

10. इस बीच, दिनांक 14.1.2008 को ग्राम सुराता के रामानंद सिंह द्वारा याचिका में हस्तक्षेप करने की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। दिनांक 14.1.2008 को मामले की सुनवाई की गई और दिनांक 17.12.2007 के आदेश के अनुपालन में राज्य द्वारा प्रस्तुत लिखित तर्कों और हस्तक्षेप की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लिखित तथ्यों पर विचार करने के बाद, उत्तरदातागण को उन ग्रामीणों, जिनके कब्जे से मवेशियों को जब्त और मृत घोषित किया गया था, का विवरण देते हुए शपथपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के अनुपालन में उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 द्वारा दिनांक 18.1.2008, 25.1.2008, 18.3.2008 और 30.3.2008 को आवश्यक जानकारी प्रस्तुत किया गया ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

11. सुश्री काजल मिश्रा,अधिवक्ता को न्यायालय की सहायता के लिए 'न्याय मित्र ' नियुक्त किया गया, जिन्होंने दिनांक 4.3.2008 को अपना लिखित तर्क प्रस्तुत किया।

12. संबंधित पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तर्कों, इस न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों और प्रतिवेदनों के आधार पर, निर्विवाद तथ्यों को निम्नानुसार संक्षेपित किया जा सकता है:-

• याचिककर्तागण अपनी आजीविका कमाने के लिए पशु व्यापार सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से दिसंबर 2003 में कुल 255 पशु खरीदे, जैसा कि याचिका के कंडिका 5.2 में विस्तृत वर्णन किया गया है। उनके साथ थाना रामानुजनगर के थाना प्रभारी भी थे।

• 28 और 29 दिसंबर, 2003 की दरमियानी रात में लगभग 1.00 बजे उत्तरदाता क्रमांक-7 के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण ग्राम मोहनपुर पहुँचे, जहाँ याचिककर्तागण पशुओं के साथ ठहरे हुये थे।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• उत्तरदाता क्रमांक-7 की शिकायत पर अधिनियम की धारा 11 (1) के तहत अपराध दर्ज किया गया और उत्तरदाता क्रमांक-6 याचिककर्तागण को थाना ले गये और दिनांक 3.1.2004 तक उन्हें निरुद्ध रखा।

• रिहा होने के बाद, याचिककर्तागण को जब उनके पशु उस स्थान पर नहीं मिले जहाँ उन्होंने उन्हें छोड़ा था, तब उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रामानुजनगर के समक्ष सुपुर्दनामा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया परन्तु, उनके आवेदन को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया गया कि पशुओं को पुलिस द्वारा जब्त नहीं किया गया था।

• दिनांक 4.2.2004 को याचिकाकर्तागण ने अपने पशुओं को बेचने की अनुमति के लिए अनुविभागीय अधिकारी, सूरजपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया।

याचिकाकर्तागण के आवेदन पर, थाना प्रभारी, रामानुजनगर से प्रतिवेदन मंगाया गया।

• याचिकाकर्तागण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के विरुद्ध शिवनाथ राजवाड़े द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया ।

• अनुविभागीय अधिकारी ने मामले को जिला दंडाधिकारी, अंबिकापुर को प्रेषित किया, जिन्होंने दिनांक 28.4.2004 के आदेश (अनुलग्नक पी-3) के तहत, थाना प्रभारी, रामानुजनगर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर विचार करते हुए पाया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा पशुओं को विधिक रूप से ख़रीदा गया था, उन्हें बिक्री के उद्देश्य से सूरजपुर तहसील लाया गया था, पशुओं की खरीदी को पेंड्रा से विधिवत सत्यापित किया गया है, ग्रामीणों द्वारा पशुओं को उनकी सुरक्षा और रखरखाव के लिए निरुद्ध रखा गया था इसलिए, यदि याचिकाकर्तागण को पशुओं को बेचने की अनुमति सूरजपुर तहसील के भीतर दी जाती है, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं हो सकती है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• इसके बाद, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा दिनांक 5.5.2004 के आदेश द्वारा अनुमति प्रदान किया गया।

• थाना प्रभारी, थाना रामानुजनगर ने अनुविभागीय अधिकारी के ज्ञापन दिनांक 5.10.2004 के प्रत्युत्तर में राजलाल राजवाड़े की आपत्तियों के संबंध में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि जिलादंडाधिकारी एवं अनुविभागीय

अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में उनके द्वारा ग्रामीणों से पशु वापस लेकर याचिकाकर्तागण को सौंपने की कार्यवाही शुरू किया गया और ग्रामीण पशु वापस करने के लिए तैयार भी थे परन्तु विश्व हिंदू परिषद के कुछ नेताओं और सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप के कारण अनुपालन में देरी हुई है।

• चिकित्सीय परीक्षण में पशु स्वस्थ और कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त पाये गये थे और अधिनियम के अंतर्गत किसी भी अपराध का कोई साक्ष्य नहीं मिला था। आपत्तिकर्तागण जिनकी संख्या 130 है, ने सभी पशुओं को परिबद्ध कर लिया था और आपस में वितरित कर लिया था। इस प्रकार, पशुओं के स्वामियों के साथ स्पष्ट रूप से अन्याय हुआ है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• थाना प्रभारी, थाना रामानुजनगर ने जिला दंडाधिकारी, सरगुजा को भेजे गये अपने पृथक प्रतिवेदन दिनांक 10.5.2004 में कुछ ग्रामीणों के नाम बताए हैं जिन्होंने याचिकाकर्तागण के पशुओं को रखा है।

• पुलिस के हस्तक्षेप से नौ पशुओं को ग्रामीणों से लेकर याचिकाकर्तागण को वापस कर दिया गया था ।

• उत्तरदाता क्रमांक-7 ने थाना प्रभारी, रामानुजनगर को संबोधित अपने आवेदन दिनांक 30.12.2003 में आरोप लगाया कि याचिकाकर्तागण 276 पशुओं को बूचड़खाने ले जा रहे थे। ग्रामीणों ने उपरोक्त पशुओं को उनकी सुरक्षा और

रखरखाव के लिए आपस में वितरित कर लिया तथा उनके द्वारा न्यायालय द्वारा दिये गये किसी भी निर्णय का पालन किया जायेगा। उपरोक्त शिकायत के आधार पर रिपोर्ट अनुलग्नक आर-3 दर्ज किया गया । उत्तरदाता क्रमांक-7 ने भी अपने जबाबदावा में उपरोक्त तथ्य को स्वीकार किया है।

• जब पशु याचिकाकर्तागण को वापस नहीं किए जा सके, तब याचिकाकर्तागण द्वारा दिनांक 28.3.2006 को वर्तमान याचिका प्रस्तुत किया गया।

• उत्तरदाता क्रमांक 1 से 5 द्वारा प्रस्तुत उत्तर पर विचार करते हुए, इस न्यायालय ने आदेश दिनांक 18.9.2007 के द्वारा उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 से पूछा कि याचिकाकर्तागण के पशु, जिन्हें कृषि प्रयोजनों के लिए बिक्री हेतु सूरजपुर ले जाया जा रहा था, उन्हें वापस क्यों नहीं किया गया।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• उपरोक्त आदेश के अनुपालन हेतु कई बार स्थगन लेने के बाद, उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 द्वारा दिनांक 3.1.2008 को एक शपथपत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि पशुओं का कब्ज़ा वापस दिलाये जाने के दौरान उन्हें ग्रामीणों के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्तागण ने भी अधिकारियों का कोई सहयोग नहीं किया, हालाँकि, वे विभिन्न ग्रामीणों से 165 बैलों का पता लगाने और उन्हें जब्त करने में सफल रहे, जिन्हें उन्होंने सूरजपुर जिले स्थित चठिरमा गौशाला में जमा कर दिया है। याचिकाकर्तागण को उपरोक्त जब्ती के बारे में सूचित किया गया था, परन्तु, वे नोटिस की तामील से बचते रहे

, जिसकी तामिली नोटिस उनके घरों में चस्पा कर कराया गया। यह भी बताया गया कि पशुओं के रखरखाव के लिए गौशाला प्रति पशु प्रतिदिन 50 रुपये का शुल्क ले रही है। यह भी तर्क दिया गया कि उपरोक्त 165 बैलों को छोड़कर, 65 सांड और 13 गायों के मृत होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई जिन्होंने अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज़ी प्रमाण भी प्रस्तुत किये । यह बताया गया है कि याचिकाकर्ता क्रमांक- 1 द्वारा नौ बैल ले जाया गया और सात बैल उन्हें पहले ही वापस कर दिये गए थे।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• ग्राम सुरता के रामनंदिन सिंह ने भी अपने मध्यक्षेप आवेदन में यह स्वीकार किया है कि याचिकाकर्तागण से पशुओं की जान बचाने के लिए ग्रामीणों ने सद्भावनापूर्वक पशुओं को अपने साथ ले गए थे और आज तक वे पशुओं का पालन-पोषण कर रहे हैं। याचिकाकर्तागण पशु व्यापारी नहीं हैं, वे पशुओं को वध करने के लिए ले जा रहे थे, धार्मिक विश्वास के कारण ग्रामीणों ने याचिकाकर्तागण को रोका और मवेशियों को आपस में बाँट लिया था।

• इस न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में, उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 द्वारा भी दिनांक 18.1.2008 को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें 95 ग्रामीणों के नाम हैं जिनके कब्जे से 28, 29 और 30 दिसंबर, 2007 को 1 या 2 बैल बरामद किए गए थे। सभी पशुओं को गौशाला में जमा किया गया था। प्रतिवेदन में पशुओं की जाँच रिपोर्ट, जो पशु चिकित्सक द्वारा दिया गया था, भी शामिल है।

प्रतिवेदन में 54 ग्रामीणों के नाम भी हैं जिनके अभिरक्षा में विभिन्न तिथियों पर 65 बैलों के मृत होने की सूचना मिली थी। प्रतिवेदन में मृत पशुओं का पंचनामा भी शामिल है। इसमें यह भी उल्लेख है कि ये बैल उन्हें अंतरिम अभिरक्षा पर प्राप्त हुए थे। प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत अनुलग्नक आर 1-15 में 12 बैलों और 4 गायों की सूची है जिन्हें पुलिस के हस्तक्षेप से ग्रामीणों ने याचिकाकर्तागण को वापस कर दिया था जबकि, अनुलग्नक आर 1-16, में 22 पशुओं की सूची है जिनकी मृत्यु चठिरमा गौशाला में हुई थी।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 की उपरोक्त प्रतिवेदन दिनांक 17.1.2008 और 25.1.2008 के प्रत्युत्तर दिनांक 28.1.2008 में याचिकाकर्ता ने इस बात से इनकार किया है कि उन्हें 164 पशुओं को अपने कब्ज़े में लेने के लिए अधिकारियों से कोई नोटिस मिला था। पशुओं के चिकित्सा प्रमाण पत्र कूटरचित प्रमाण पत्र हैं और इन्हें केवल औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए तैयार किया गया है। याचिकाकर्तागण के बैल जिनकी औसत आयु 5 वर्ष थी, कृषि प्रायोजन हेतु खरीदे गये थे। याचिकाकर्तागण को पिछले पांच वर्षों से अर्थात वह मुख्य समयावधि जब ये पशु कृषि उद्देश्यों के लिए उपयोगी होते,उपरोक्त पशुओं के उपयोग से वंचित रखा गया था, समय बीतने के साथ याचिकाकर्तागण के पशुओं ने अपनी अधिकतम क्षमता खो दी है और उनका बाजार मूल्य कम हो गया है।

• विद्वान न्यायमित्र ने दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जाँच के बाद पाया है कि पशु चिकित्सक द्वारा जारी किए गए चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रथम दृष्टया वास्तविक प्रतीत नहीं होते हैं और इन्हें केवल औपचारिकताएँ पूर्ण करने के लिए तैयार किया गया है और ये प्रमाण पत्र कूटरचित प्रतीत होते हैं। प्रतिवेदन में ज़ब्ती की अवैधता पर भी ज़ोर दिया गया है और यह भी बताया गया है कि पुलिस अधिकारियों द्वारा याचिकाकर्तागण के पशुओं का पता लगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया और अपराध दर्ज करने के बाद कोई जाँच शुरू नहीं किया गया और न ही कोई आरोप पत्र प्रस्तुत की गई ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र दिनांक 19.03.2008 के अनुसार, उप निदेशक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, सरगुजा ने तीन पशु चिकित्सकों की एक समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों द्वारा चठिरमा स्थित गौशाला में जीवित बचे 86 पशुओं का जाँच किया गया और प्रत्येक पशु के निर्धारित मूल्य सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने दिनांक 11.3.2008 को अपना प्रतिवेदन (अनुलग्नक आर 1-25) प्रस्तुत किया और बताया कि केवल 86 पशु जिनकी कीमत लगभग 2,21,300/- रुपये थी, गौशाला में परिबद्ध किये गये थे, जबकि गौशाला में रखे जाने के दौरान 79 पशु मृत पाए गए थे। उप-निदेशक ने समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अपने प्रतिवेदन दिनांक 16.3.2008 में

जीवित पशुओं की कीमत 2,21,300/-रुपये और मृत पशुओं की कीमत 2,600/- रुपये प्रति पशु की दर से 2,05,400/- रुपये आंकी थी।

• प्रतिवेदन के अनुसार उपरोक्त मूल्यांकन निदेशालय, पशु चिकित्सा सेवा द्वारा जारी आदेश दिनांक 6.11.2007 (अनुलग्नक आर1-24) के अनुसार प्रचलित बाजार मूल्य और शासकीय दरों पर आधारित है।

13. याचिकाकर्तागण के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले के निर्विवाद तथ्यों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि उत्तरदाता क्रमांक-7 की झूठी शिकायत के आधार पर याचिकाकर्तागण को दिनांक 29.12.2003 से दिनांक 3.1.2004 तक अवैध रूप से थाने में निरुद्ध रखा गया। उत्तरदाता क्रमांक-6 की सक्रिय मिली भगत से उत्तरदाता क्रमांक-7 के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा याचिकाकर्तागण के पशुओं को लूटा गया। याचिकाकर्तागण को थाने में अवैध रूप से निरुद्ध रखने के दौरान, अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने के बाद भी पशुओं को जप्त करने की कोई कार्यवाही नहीं की गई, अपितु इसके विपरीत, याचिकाकर्तागण के पशुओं को ले जाने में उत्तरदाता क्रमांक-6 द्वारा ग्रामीणों को सहायता प्रदान किया गया । पुलिस याचिकाकर्तागण के विरुद्ध इस सम्बन्ध में कि उनके द्वारा पशुओं को बूचड़खाने ले जाने के लिए खरीदा गया था या उनके द्वारा खरीदे गए पशुओं के साथ क्रूरता कारित किया गया था, कोई साक्ष्य एकत्र नहीं कर सकी । इस बात पर विचार करते हुए कि अधिनियम के तहत किसी भी दांडिक अपराध का कोई साक्ष्य नहीं था, जिला दंडाधिकारी ने याचिकाकर्तागण को उनको पशुओं को सूरजपुर तहसील में बेचने

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

की अनुमति दिया और इस संबंध में थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया। हालाँकि, जिला दंडाधिकारी और थाना प्रभारी के निर्देशों का पुलिस अधिकारियों द्वारा जानबूझकर पालन नहीं किया गया क्योंकि उत्तरदाता क्रमांक-7 और ग्रामीण जो उनके समर्थक थे, ने याचिकाकर्तागण के पशुओं पर अवैध कब्ज़ा बनाये रखा था और पुलिस अधिकारियों/जिला प्रशासन द्वारा उन बदमाशों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई जो वास्तव में याचिकाकर्तागण के पशुओं के लूट के अपराध में संलिप्त थे। आगे यह तर्क दिया गया कि याचिकाकर्तागण को पशुओं का कब्ज़ा वापस करने हेतु इस न्यायालय द्वारा विशिष्ट निर्देश दिनांक 18.9.2007 को दिया गया था जिसका लगभग तीन माह से भी अधिक समय बाद भी, पालन नहीं किया गया और शपथ पत्र में कहा गया है कि ग्रामीणों के कड़े प्रतिरोध के कारण अधिकारीगण निर्देशों का पालन नहीं कर सके। हालाँकि, आज तक उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। उत्तरदाता क्रमांक-7 और हस्तक्षेपकर्ता ने इस न्यायालय के समक्ष अपने अलग-अलग शपथपत्रों में स्वीकार किया है कि उत्तरदाता क्रमांक- 7 के नेतृत्व में ग्रामीणों ने याचिकाकर्तागण के पशुओं को ले लिया और उनकी सुरक्षा और रखरखाव के लिए उन्हें आपस में बाँट लिया क्योंकि उन्हें विश्वास था कि याचिकाकर्तागण पशुओं को बूचड़खाने ले जा रहे हैं। इस प्रकार, अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट रूप से प्रकट होता है कि पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से याचिकाकर्तागण के पशुओं को ग्रामीणों ने लूटा था। पुलिस अधिकारियों की

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

निष्क्रियता और उदासीनता इसके बाद भी जारी रही और याचिकाकर्तागण को पिछले साढ़े चार वर्षों से अपने पशुओं जो उनकी आजीविका का एकमात्र स्रोत है, से वंचित रखा गया। यह तथ्य कि पुलिस अधिकारीगण द्वारा ग्रामीणों से 165 पशुओं को तब बरामद किया गया जब इस न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर पर दिनांक 17.12. 2007 को पारित आदेश का पालन न करने के लिए 5,000/- रुपये की शास्ति अधिरोपित की, पशुओं को 28, 29 और 30 दिसंबर, 2007 को बरामद किया गया, जो यह स्थापित करता है कि वास्तव में पुलिस अधिकारियों का बदमाशों के साथ मिलीभगत था इस कारण वे याचिकाकर्तागण के पशुओं को उनसे बरामद नहीं कर रहे थे और बदमाश अवैध रूप से उनके पशुओं को रखे थे। आगे यह भी तर्क प्रस्तुत किया गया कि पशु चिकित्सकों की समिति और उप निदेशक, पशु चिकित्सा सेवाएँ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार, गौशाला में परिबद्ध किये गये पशुओं और गौशाला में मरने वाले पशुओं अर्थात कुल 165 पशुओं का मूल्य 4,26,700 रुपये निर्धारित किया गया है। प्राधिकरण द्वारा किया गया मूल्य निर्धारण कम है। याचिकाकर्ता दिनांक 28.12.2003 से अपने पशुधन से वंचित हैं। याचिकाकर्तागण गरीब व्यापारी हैं, जो क्षेत्र के पशु बाजार में व्यक्तिगत रूप से जाकर पशुओं की खरीद-बिक्री करके अपनी आजीविका चलाते हैं और पुलिस अधिकारियों/जिला प्रशासन, उत्तरदाता क्रमांक-7 और अन्य ग्रामीणों द्वारा किये गये चूक और कृत्य के कारण वे पिछले साढ़े चार वर्षों से अपना व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं और उनके परिवार के सदस्य भूखमरी के कगार पर पहुँच गए हैं जबकि, जिन बदमाशों

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

द्वारा याचिकाकर्तागण के पशुओं का लूट कारित किया गया है, उनके द्वारा पशुओं का उपयोग उनके निजी उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है और इस बीच, याचिकाकर्तागण के कई पशु जो ग्रामीणों/पुलिस अधिकारियों के कब्जे में में थे, उनकी मृत्यु हो गई इसलिए याचिकाकर्तागण उचित क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के हकदार हैं। पुलिस ने याचिकाकर्तागण की शिकायत पर कोई जाँच नहीं किया और बदमाशों के विरुद्ध कोई कार्यवाही भी नहीं किया । इन परिस्थितियों में, उत्तरदातागण को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे अपराध की स्वतंत्र जाँच करें। उत्तरदाता क्रमांक-7, अन्य ग्रामीणों और राज्य के अधिकारियों, जिन्होंने बदमाशों के साथ मिलीभगत किया और जिन्होंने अपनी मिलीभगत और निष्क्रियता एवं उदासीनता से अपराध कारित करने में सहायता किया, उन्हें अभियोजित किया जाना चाहिए।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

14. दूसरी ओर, राज्य के विद्वान उप-महाधिवक्ता श्री हरित ने जोरदार तर्क दिया कि याचिकाकर्तागण यह साबित नहीं कर पाए हैं कि वे प्रश्नगत 255 बैलों के वास्तविक स्वामी हैं। इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि ग्रामीणों ने बैलों को याचिकाकर्तागण के सहमति के बिना बल प्रयोग करके उनके कब्जे से छीना था। याचिकाकर्ता क्रमांक- 1 को छोड़कर, अन्य सात याचिकाकर्तागण द्वारा याचिका के समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत करने की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। वास्तव में, याचिकाकर्ता क्रमांक- 2 से 8 के आचरण से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वर्तमान याचिका प्रस्तुत करने का उनका कोई इरादा नहीं था। लूट का अपराध, यदि कोई हुआ है, तो वह 28 और 29 दिसंबर, 2003

की दरमियानी रात में हुआ था, जबकि, अंतरिम अभिरक्षा के लिए आवेदन दिनांक 3.1.2004 को प्रस्तुत किया गया। याचिकाकर्तागण द्वारा कथित लूट के संबंध में किसी भी पुलिस प्राधिकारी के समक्ष कोई शिकायत दर्ज नहीं कराया गया था। वास्तव में, याचिकाकर्तागण द्वारा स्वेच्छा से पशुओं का कब्ज़ा ग्रामीणों को दिया गया था, इसलिए उनके विरुद्ध कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। यह विवाद पूर्ण से सिविल प्रकृति का है जिसमें मवेशियों के स्वामित्व और उनकी पहचान सहित कई विवादित तथ्य संबंधी प्रश्न शामिल हैं। घटना दिसंबर, 2003 की है, जबकि याचिका दिनांक 20.3.2006 को प्रस्तुत किया गया है, अर्थात घटना की तारीख से दो वर्ष से अधिक समय बाद, इस प्रकार याचिका प्रस्तुत करने में विलंब और उपेक्षा कारित किया गया है। अभिलेख पर ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है कि पुलिस ने याचिकाकर्तागण को 28 और 29 दिसंबर, 2003 की रात से 3 जनवरी, 2004 तक अवैध रूप से निरुद्ध करके रखा था। याचिकाकर्तागण के विरुद्ध अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया था और अंतिम प्रतिवेदन अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। याचिकाकर्तागण द्वारा जिन निर्णयों पर भरोसा किया गया है, वे उन मामलों से संबंधित हैं जिनमें जीवन की हानि, अभिरक्षा में मृत्यु या किसी नागरिक को उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता से दोषपूर्ण रूप से वंचित किया गया हो, जहाँ क्षतिपूर्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत प्रदान किया गया है। वर्तमान मामले के तथ्यों में, पशुओं की हानि के लिए याचिकाकर्तागण को क्षतिपूर्ति देने का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि राज्य, सरकार द्वारा सौंपे गए वैधानिक कार्यों

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

के कार्यान्वयन और प्रयोग के दौरान लोक सेवकों द्वारा किए गए अपकृत्य पूर्ण कृत्य के संबंध में दायित्व से मुक्त है, जैसा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न निर्णयों में अभिनिर्धारित किया है।

15. उत्तरदाता क्रमांक-7 की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता सुश्री सिंघई ने भी यह तर्क प्रस्तुत किया कि याचिकाकर्तागण का पशुओं पर स्वामित्व अत्यधिक विवादित है। याचिकाकर्ता गण अपने रिश्तेदारों के माध्यम से पशुओं को बूचड़खाने ले जा रहे थे। परन्तु ग्रामीणों ने धार्मिक भावनाओं, मवेशियों की सुरक्षा और उनके रखरखाव के उद्देश्य से पशुओं को उनसे ले लिया और उन्हें आपस में बाँट लिया। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को भी दिया।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

16. हस्तक्षेपकर्ता की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एच.बी. अग्रवाल द्वारा भी इसी प्रकार का तर्क प्रस्तुत किया गया ।

17. न्यायालय की सहायता के लिए अधिवक्ता सुश्री काजल मिश्रा को न्याय मित्र नियुक्त किया गया। पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तर्कों, अभिलेख पर उपलब्ध दस्तावेजों और इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों की सावधानीपूर्वक जाँच करने के बाद, न्यायमित्र द्वारा निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

- इस बात पर कोई विवाद या मतभेद नहीं है कि पशुओं को याचिकाकर्तागण की अभिरक्षा से जब्त किया गया था और उत्तरदाता क्रमांक- 6 थाना प्रभारी, थाना रामानुजनगर की इसमें सकारात्मक भूमिका थी।

▪ पुलिस द्वारा अधिनियम की धारा 11 (क) के तहत अपराध दर्ज करने के बाद कोई जांच नहीं किया गया। जब्ती स्पष्ट रूप से अवैध प्रतीत होती है।

▪ उत्तरदातागण द्वारा प्रस्तुत लिखित प्रतिवेदनों से स्पष्ट रूप से दर्शित होता है कि वे ग्रामीणों से 165 पशुओं का पता लगाने में सक्षम रहे और उत्तरदाता क्रमांक-1 से 5 ने यह भी स्वीकार किया है कि वे याचिकाकर्तागण को पशुओं का कब्ज़ा सौंपना चाहते थे।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

• ज़ब्ती अवैध रूप से कारित किया गया है ज़ब्ती के सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था। कई बैलों की मृत्यु के संबंध में भी स्वीकारोक्ति है तथा याचिकाकर्तागण इस मृत्यु के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं। राज्य और उसके पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे ज़ब्त किए गए पशुओं का कब्ज़ा सौपे, क्योंकि जसी अवैध रूप से कारित किया गया था।

